आइडिया को सफल बिजनेस में बदलने के बताए मंत्र

बीकानेर @ पत्रिका. महिला और युवा स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा आई स्टार्ट कार्यक्रम और टाई राजस्थान की ओर से संभाग स्तरीय स्टार्टअप वर्कशॉप का आयोजन आई स्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर में किया गया। वर्कशॉप में टाई राजस्थान के बिजनेस एक्सपर्ट मुनेश जादौन ने प्रतिभागियों को अपने आइडिया को एक सफल बिजनेस में बदलने के मंत्र बताए।

इस अवसर पर स्टार्टअप्स ने अपने बिजनेस में आ रही समस्याओं को भी इंटरएक्टिव सेशन के दौरान साझा किया, जिस पर मुनेश ने अपने सुझाव दिए। अपने व्यापार के लिए मेंटरिंग, बिजनेस, और इन्वेस्टर कनेक्ट की चाह रखने वाले स्टार्टअप्स इसी प्रकार टाई राजस्थान द्वारा हर माह के दूसरे शनिवार को होने वाले ओपन माइक सेशन में भी हिस्सा ले सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत राज्य सरकार तथा टाई राजस्थान द्वारा टाई वूमेन ग्लोबल पिच कंपटीशन 2023 का राज्य में आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता को राज्य सरकार द्वारा नवंबर में सिंगापुर में होने वाले टाई वूमेन ग्लोबल पिच कंपटीशन में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा, जिसका संपूर्ण खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।